4ono.com

For more sample papers visit : www.4ono.com

**SET – 1**

**Series : SSO/1/C**

**कोड नं.**
**Code No. 67/1/1**

**रोल नं.**
**Roll No.**

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **23** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **23** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **23** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# लेखाशास्त्र

# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : 3 घंटे ]* *[ अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum Marks : 80*

**सामान्य निर्देश :**

(i) यह प्रश्न-पत्र **दो** भागों में विभक्त है – **क** और **ख** ।

(ii) भाग **क** सभी के लिए अनिवार्य है ।

(iii) भाग **ख** के दो विकल्प हैं – वित्तीय विवरणों का विश्लेषण तथा अभिकलित्र लेखांकन ।

(iv) भाग **ख** से केवल एक ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

(v) किसी प्रश्न के सभी खण्डों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखे जाने चाहिए ।

**General Instructions :**

*(i) This question paper contains **two** parts **A** and **B**.*

*(ii) Part **A** is **compulsory** for all.*

*(iii) Part **B** has two options – Analysis of Financial Statements and Computerized Accounting.*

*(iv) Attempt only one option of Part **B**.*

*(v) All parts of a question should be attempted at one place.*



4ono.com

4ono.com

## भाग – क

## PART – A

### (साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

### (Accounting for Partnership Firms and Companies)

1. जब नया साझेदार ख्याति के लिए रोकड़ लाता है, तो उस राशि की खतौनी किस खाते के जमा में की जाती है ?

   (क) वसूली खाता

   (ख) रोकड़ खाता

   (ग) ख्याति के लिए प्रीमियम खाता

   (घ) पुनर्मूल्यांकन खाता **1**

   When the new partner brings cash for goodwill, the amount is credited to :

   (a) Realisation Account

   (b) Cash Account

   (c) Premium for Goodwill Account

   (d) Revaluation Account

2. कान्हा, नीरज तथा आशा एक फर्म में साझेदार हैं । उन्होंने अपने मकान मालिक राघव को फर्म में साझेदार बनाया । राघव लाभ में अपने अंश के लिए पर्याप्त पूँजी तथा ख्याति प्रीमियम की राशि लाया । साझेदार बनने से पहले राघव ने फर्म को 10% प्रति वर्ष ब्याज की दर से ₹ 1,00,000 का ऋण दिया हुआ था । अब फर्म का लेखापाल इस बात पर बल दे रहा है कि ऋण पर 6% वार्षिक दर से ब्याज का भुगतान किया जाये । क्या उसका ऐसा करना सही है ? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए । **1**

   Kanha, Neeraj and Asha were partners in a firm. They admitted Raghav their Landlord as a partner in the firm. Raghav brings sufficient amount of capital and goodwill premium for his share in the profits. Raghav had given a loan of ₹ 1,00,000 @ 10% p.a. interest to the partnership firm before he became the partner. Now the accountant of the firm is emphasizing that the interest on loan should be paid @ 6% p.a. Is he right in doing so ? Give reason in support of your answer.



4ono.com

4ono.com

3. एक साझेदार के अवकाश ग्रहण करने पर, पुनर्मूल्यांकन पर लाभ की खतौनी खातेदारों के खातों के जमा में की जायेगी :

(क) अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार के

(ख) सभी साझेदारों के, उनके पुराने लाभ अनुपात में

(ग) शेष साझेदारों के, उनके पुराने लाभ अनुपात में

(घ) शेष साझेदारों के, उनके नए लाभ अनुपात में **1**

At the time of retirement of a partner, profit on revaluation will be credited to the capital accounts of :

(a) Retiring Partner

(b) All partners, in the old profit sharing ratio

(c) The remaining partners in their old profit sharing ratio

(d) The remaining partners in their new profit sharing ratio.

4. एक कम्पनी 'ऋणपत्र शोधन संचय' कब बनाती है ? **1**

When does a company create 'Debenture Redemption Reserve' ?

5. निर्गमित पूँजी का वह भाग जिसका उपयोग केवल एक कम्पनी के विघटन के समय किया जा सकता है, कहलाता है :

(क) नामिक पूँजी

(ख) आरक्षित पूँजी

(ग) अभिदत्त पूँजी

(घ) पूँजी संचय **1**

The part of issued capital which can be used only at the time of winding up of the company is called :

(a) Nominal Capital

(b) Reserve Capital

(c) Subscribed Capital

(d) Capital Reserve

6. 'लाभ-हानि विनियोजन खाते' तथा 'लाभ-हानि उचिन्त खाते' में अन्तर्भेद कीजिए । **1**

Differentiate between 'Profit and Loss Appropriation Account' and 'Profit and Loss Suspense Account'.



4ono.com

4ono.com

7. निशित ऑटोमोबाइल कम्पनी भारत में कम लागत की कारें बनाने वाली उत्पादक कम्पनी है । इसके पास सारे देश में फैला हुआ एक सुदृढ़ विक्रय तथा वितरण नेटवर्क है । यह कारों के उत्पादन की विभिन्न प्रक्रियाओं में पर्यावरण सुरक्षा के ऊँचे मानदण्ड अपनाती है । कम्पनी के कर्मचारियों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए यह एक विद्यालय चलाती है तथा प्रौढ़ों को पढ़ना तथा लिखना सिखाने तथा प्राथमिक साक्षरता प्राप्त करने हेतु एक 'प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र' का संचालन करती है । कम्पनी बहुत अच्छा कार्य कर रही है तथा भविष्य में अपने उत्पादों की ऊँची माँग की संभावना रखती है । इसके लिए इसने उडीसा के पिछड़े क्षेत्र में एक नई उत्पादन इकाई स्थापित करने का निर्णय लिया जिसके द्वारा लोगों के लिए जीविका सृजन किया जायेगा, विशेषत: ग्रामीण क्षेत्रों के समाज के सुविधावंचित वर्ग के लिए । वित्त की आवश्यकता को पूरा करने के लिए उन्होंने ₹ 100 प्रत्येक के 70,000 समता अंशों को सममूल्य पर निर्गमित करने तथा ₹ 40 प्रत्येक के 60,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन करने का निर्णय लिया ।

कम्पनी की पुस्तकों में अंशों तथा 9% ऋणपत्रों के निर्गमन के लिए आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ दीजिए तथा ऐसे किसी एक मूल्य की पहचान कीजिए जिसे कम्पनी समाज को संप्रेषित करना चाहती है । **3**

Nishit Automobiles Co. is a manufacturer of low cost cars in India. It has a strong sales and distribution network spread across the country. It follows high standards in environmental safety in various processes of car manufacturing. It runs a school to provide quality education to the children of employees of the company and an 'Adult Education Centre' to help adults learn reading and writing and to acquire basic literacy. The company is doing well and anticipates a higher demand for its products in the future. For the same, it decides to set up a new manufacturing unit in a backward area of Orissa creating livelihood for people, especially those from disadvantaged sections of society in rural India. In order to raise fund requirements they decided to issue 70,000 equity shares of ₹ 100 each at par and 60,000, 9% Debentures of ₹ 40 each. Pass necessary Journal Entries for the issue of shares and 9% debentures in the books of the company and also identify any one value which the company wants to communicate to the society.

8. एक फर्म द्वारा अर्जित औसत लाभ ₹ 75,000 है, जिसमें औसत आधार पर अल्प-मूल्यांकित ₹ 5,000 का स्टॉक सम्मिलित है । व्यवसाय में ₹ 7,00,000 का पूँजी निवेश है तथा लाभ की सामान्य दर 7% है । अधिलाभ के पाँच गुने के आधार पर फर्म की ख्याति की गणना कीजिए । **3**

The average profit earned by a firm is ₹ 75,000 which includes undervaluation of stock of ₹ 5,000 on an average basis. The capital invested in the business is ₹ 7,00,000 and the normal rate of return is 7%. Calculate goodwill of the firm on the basis of 5 times the super profit.



4ono.com

4ono.com

9. अलका लिमिटेड ने ₹ 1,000 प्रत्येक के 5,000 10% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% के बट्टे पर किया । ऋणपत्रों का शोधन पाँच वर्षों के पश्चात् 5% के प्रीमियम पर करना है । निर्गमन की शर्तों के अनुसार ₹ 500 भुगतान आवेदन पर तथा शेष का भुगतान ऋणपत्रों के आबंटन पर देय था । 10% ऋणपत्रों के निर्गमन के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **3**

Alka Ltd. issued 5,000, 10% debentures of ₹ 1,000 each at a discount of 10% redeemable at a premium of 5% after 5 years. According to the terms of issue ₹ 500 was payable on application and the balance amount on allotment of debentures. Record necessary entries regarding issue of 10% debentures.

10. 1 अप्रैल, 2012 को एक कम्पनी ने ₹ 100 प्रत्येक के 2,000 8% ऋणपत्रों का निर्गमन ₹ 20 प्रति ऋणपत्र के प्रीमियम पर किया । ऋणपत्रों का शोधन ₹ 20 प्रति ऋणपत्र के प्रीमियम पर करना था । निर्गमन की शर्तों के अनुसार 31 मार्च, 2014 से प्रारंभ करके कम्पनी की इच्छानुसार खुले बाज़ार से क्रय करके अथवा ड्रा के द्वारा ₹ 20,000 के ऋणपत्रों का शोधन प्रति वर्ष करना था ।

31 मार्च, 2014 को कम्पनी ने खुले बाज़ार से शोधन करने के लिए ₹ 16,000 के ऋणपत्रों का क्रय ₹ 95 प्रति ऋणपत्र तथा ₹ 4,000 के ऋणपत्रों का क्रय ₹ 90 प्रति ऋणपत्र किया ।

ऋणपत्रों के शोधन के लिए रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **3**

On 1st April, 2012, a company issued 2,000 8% debentures of ₹ 100 each at a premium of ₹ 20, repayable at a premium of ₹ 20. The terms of issue provided for the redemption of ₹ 20,000 debentures every year commencing from 31st March, 2014 either by purchase from the open market or by draw of lots at the company's option.

On 31st March, 2014, the company purchased for cancellation its own debentures of the face value of ₹ 16,000 at ₹ 95 per debentures and of ₹ 4,000 at ₹ 90 per debenture.

Show the Journal Entries for redemption of debentures.

11. आलिया, करन तथा शिल्पा एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । उनकी पुस्तकों में ₹ 60,000 की ख्याति दर्शाई गई है । पुस्तकों में ₹ 20,000 का सामान्य संचय भी दर्शाया गया है । करन ने फर्म से अवकाश ग्रहण करने का निर्णय किया । उसके अवकाश ग्रहण करने की तिथि को फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 2,40,000 किया गया । आलिया तथा शिल्पा के मध्य नया लाभ अनुपात 2 : 3 था । करन के अवकाश ग्रहण करने पर आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **4**

Alia, Karan and Shilpa were partners in a firm sharing profits in the ratio of 5 : 3 : 2. Goodwill appeared in their books at a value of ₹ 60,000 and general reserve at ₹ 20,000. Karan decided to retire from the firm. On the date of his retirement goodwill of the firm was valued at ₹ 2,40,000. The new profit sharing ratio decided among Alia and Shilpa was 2 : 3.

Record necessary Journal Entries on Karan's retirement.



4ono.com

4ono.com

12. 31 मार्च, 2014 को पूजा, कुरेशी तथा रोज़, जो एक साझेदारी फर्म के साझेदार थे, का स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31 मार्च, 2014 का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि (₹) | सम्पत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| विभिन्न लेनदार | | 2,50,000 | भवन | 2,60,000 |
| संचित निधि | | 2,00,000 | निवेश | 1,10,000 |
| पूँजी : | | | कुरेशी का ऋण | 1,00,000 |
| पूजा | 1,50,000 | | देनदार | 1,50,000 |
| कुरेशी | 1,00,000 | | स्टॉक | 1,20,000 |
| रोज़ | 1,00,000 | 3,50,000 | रोकड़ | 60,000 |
| | | **8,00,000** | | **8,00,000** |

1 जुलाई, 2014 को कुरेशी का निधन हो गया । साझेदारों का लाभ अनुपात 2 : 1 : 1 था । किसी साझेदार की मृत्यु के समय साझेदारी संलेख में निम्न का प्रावधान था :

(i) मृत्यु की तिथि एक फर्म के लाभ में उसके भाग की गणना पिछले तीन वर्षों के औसत लाभ के आधार पर की जायेगी ।

(ii) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन पिछले दो वर्षों के कुल लाभ के आधार पर किया जायेगा ।

(iii) फर्म द्वारा किसी साझेदार को दिये गये ऋण पर ब्याज 6% प्रति वर्ष की दर से अथवा ₹ 4,000 , जो भी अधिक होगा, लगाया जायेगा ।

(iv) पिछले तीन वर्षों का लाभ ₹ 45,000; ₹ 48,000 तथा ₹ 33,000 था ।

उसके निष्पादकों को प्रस्तुत करने हेतु कुरेशी का पूँजी खाता तैयार कीजिए । **4**

On 31st March, 2014, the Balance Sheet of Pooja, Qureshi and Ross, who were partners in a firm was as under :

**Balance Sheet as on 31st March, 2014**

| Liabilities | | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|
| Sundry Creditors | | 2,50,000 | Building | 2,60,000 |
| Reserve Fund | | 2,00,000 | Investment | 1,10,000 |
| Capitals : | | | Qureshi's loan | 1,00,000 |
| Pooja | 1,50,000 | | Debtors | 1,50,000 |
| Qureshi | 1,00,000 | | Stock | 1,20,000 |
| Ross | 1,00,000 | 3,50,000 | Cash | 60,000 |
| | | **8,00,000** | | **8,00,000** |



4ono.com

4ono.com

Qureshi died on 1st July, 2014. The profit sharing ratio of the partners was 2 : 1 : 1. On the death of a partner the partnership deed provided for the following :

(i) His share in the profits of the firm till the date of his death will be calculated on the basis of average profit of last three completed years.

(ii) Goodwill of the firm will be calculated on the basis of total profit of last two years.

(iii) Interest on loan given by the firm to a partner will be charged at the rate of 6% p.a. or ₹ 4,000 whichever is more.

(iv) Profits for the last three years were ₹ 45,000; ₹ 48,000 and ₹ 33,000.

Prepare Qureshi's Capital Account to be rendered to his executors.

13. (क) नीचे दी गई रोजनामचा प्रविष्टियों में रिक्त स्थानों को भरिये : **6**

| तिथि | विवरण | पृ. | नाम (₹) | जमा (₹) |
|---|---|---|---|---|
| | पूँजी खाता नाम | | ________ | |
| | ____________________ नाम | | ________ | |
| | अंश हरण खाते से | | | 3,000 |
| | अंश आबंटन खाते से | | | ________ |
| | प्रथम याचना खाते से | | | ________ |
| | (₹ 10 प्रत्येक के 1,000 अंशों जिन्हें ₹ 2 प्रति अंश के अधिलाभ पर निर्गमित किया गया था तथा जिन पर ₹ 8 प्रति अंश माँगा गया था (₹ 2 प्रीमियम सहित) का ₹ 5 आबंटन राशि प्रीमियम सहित प्रति अंश तथा ₹ 2 प्रति अंश प्रथम याचना का भुगतान न करने पर हरण) | | | |
| | बैंक खाता नाम | | 9,800 | |
| | अंश पूँजी खाते से | | | ________ |
| | ____________________ से | | | ________ |
| | (₹ 14 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त 700 अंशों का पुन:निर्गमन) | | | |
| | अंश हरण खाता नाम | | ________ | |
| | पूँजी संचय खाते से | | | ________ |
| | (हरण किये गये अंशों के पुन: निर्गमन पर लाभ का पूँजी संचय खाते में स्थानांतरण) | | | |



4ono.com

4ono.com

(ख) नीचे दी गई रोजनामचा प्रविष्टियों में रिक्त स्थानों को भरिये :

| तिथि | विवरण | पृ. | नाम (₹) | जमा (₹) |
|---|---|---|---|---|
| | अंश पूँजी खाता नाम<br><br>अंश हरण खाते से<br>__________ से<br>अंश प्रथम याचना खाते से<br>(₹ 100 प्रत्येक के 1,000 अंशों जिन पर ₹ 80 प्रति अंश माँगा गया था तथा जिन्हें 10% के बट्टे पर निर्गमित किया गया को ₹ 30 प्रति अंश की प्रथम याचना राशि का भुगतान न करने पर हरण किया गया ।) | | 80,000 | <br><br>______<br>______<br>30,000 |
| | बैंक खाता नाम<br>______________ नाम<br>अंश पूँजी खाते से<br>(₹ 70 प्रति अंश की दर से ₹ 80 प्रदत्त 400 अंशों का पुन:निर्गमन किया गया ।) | | ______<br>______ | <br><br>______ |
| | अंश हरण खाता नाम<br>पूँजी संचय खाते से<br>(हरण किये गये अंशों के पुन:निर्गमन पर लाभ को पूँजी संचय खाते में स्थानांतरित किया गया ।) | | ______ | <br>______ |

(a) Fill in the blank spaces in the Journal Entries given below :

| Date | Particulars | F | Dr. (₹) | Cr. (₹) |
|---|---|---|---|---|
| | Share Capital A/c. Dr.<br>______________ Dr.<br>To Share Forfeited A/c.<br>To Share Allotment A/c.<br>To Share First Call A/c.<br>(Being 1,000 shares of ₹ 10 each ₹ 8 called up issued at a premium of ₹ 2 per share forfeited for non-payment of allotment of ₹ 5 per share including premium and first call of ₹ 2 per share) | | ______<br>______ | <br><br>3,000<br>______<br>______ |
| | Bank A/c. Dr.<br>To Share Capital A/c.<br>To ______________<br>(Being 700 shares reissued @ ₹ 14 per share fully paid-up) | | 9,800 | <br>______<br>______ |
| | Share Forfeited A/c. Dr.<br>To Capital Reserve A/c.<br>(Being gain on reissue of forfeited shares transferred to capital reserve) | | ______ | <br>______ |



4ono.com

4ono.com

(b) Fill in the blanks spaces in the Journal Entries given below :

| Date | Particulars | F | Dr. (₹) | Cr. (₹) |
|---|---|---|---|---|
| | Share Capital A/c. Dr. | | 80,000 | |
| | To Share Forfeited A/c. | | | ______ |
| | To ______________ | | | ______ |
| | To Share First Call A/c. | | | 30,000 |
| | (Being 1,000 shares of ₹ 100 each, ₹ 80 called up issued at a discount of 10% forfeited for non-payment of first call of ₹ 30 per share) | | | |
| | Bank A/c. Dr. | | ______ | |
| | ______________________ Dr. | | ______ | |
| | To Share Capital A/c. | | | ______ |
| | (Being 400 shares reissued at ₹ 70 per share ₹ 80 paid-up) | | | |
| | Share Forfeited A/c. Dr. | | ______ | |
| | To Capital Reserve A/c. | | | ______ |
| | (Being gain on reissue of forfeited shares transferred to capital reserve) | | | |

14. पार्थ तथा शिविका एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 31 मार्च, 2014 को फर्म का स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

| देयताएँ | | राशि (₹) | सम्पत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| विभिन्न लेनदार | | 80,000 | बैंक | 1,72,000 |
| शिविका की बहन का ऋण | | 20,000 | देनदार | 27,000 |
| पूँजी : | | | स्टॉक | 50,000 |
| पार्थ | 1,75,000 | | फर्नीचर | 2,20,000 |
| शिविका | 1,94,000 | 3,69,000 | | |
| | | **4,69,000** | | **4,69,000** |

उपरोक्त तिथि को फर्म का विघटन हो गया । सम्पत्तियों की वसूली तथा देयताओं का भुगतान निम्न प्रकार से किया गया :



4ono.com

4ono.com

(क) पार्थ ने 50% फर्नीचर पुस्तकीय मूल्य से 20% कम पर ले लिया । शेष फर्नीचर को ₹ 1,05,000 पर बेच दिया गया ।

(ख) लेनदारों से ₹ 26,000 प्राप्त हुए ।

(ग) शिविका ने ₹ 29,000 में स्टॉक ले लिया ।

(घ) शिविका की बहन के ऋण का भुगतान ₹ 2,000 के ब्याज के साथ कर दिया गया ।

(ङ) वसूली व्यय ₹ 5,000 थे ।

वसूली खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा बैंक खाता तैयार कीजिए । **6**

Parth and Shivika were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2. The Balance Sheet of the firm on 31st March, 2014 was as follows :

| **Liabilities** | | **Amount (₹)** | **Assets** | **Amount (₹)** |
|---|---|---|---|---|
| Sundry Creditors | | 80,000 | Bank | 1,72,000 |
| Shivika's sister's loan | | 20,000 | Debtors | 27,000 |
| Capitals : | | | Stock | 50,000 |
| Parth | 1,75,000 | | Furniture | 2,20,000 |
| Shivika | 1,94,000 | 3,69,000 | | |
| | | **4,69,000** | | **4,69,000** |

On the above date the firm was dissolved. The assets were realized and the liabilities were paid off as follows :

(a) 50% of the furniture was taken over by Parth at 20% less than book value. The remaining furniture was sold for ₹ 1,05,000.

(b) Debtors realized ₹ 26,000

(c) Stock was taken over by Shivika for ₹ 29,000.

(d) Shivika's sister's loan was paid off along with an interest of ₹ 2,000.

(e) Expenses on realization amounted to ₹ 5,000.

Prepare Realisation Account, Partner's Capital Accounts and Bank Account.



4ono.com

4ono.com

15. 31 मार्च, 2014 को लाभ तथा आहरण के समायोजन के पश्चात् ऐलीन, मोनू तथा अहमद के पूंजी खातो मे क्रमशः ₹ 1,60,000, ₹ 1,20,000 तथा ₹ 80,000 का शेष था । इसके पश्चात् यह पता चला कि पूँजी तथा आहरण पर ब्याज नहीं लगया गया है ।

- 31 मार्च, 2014 को समाप्त हुए वर्ष में लाभ ₹ 40,000 था ।
- वर्ष में ऐलीन तथा मोनू प्रत्येक ने बराबर किश्तों में प्रत्येक माह के आरम्भ से कुल ₹ 24,000 का आहरण किया तथा अहमद ने बराबर किश्तों में प्रत्येक माह के अन्त में कुल ₹ 48,000 का आहरण किया ।
- आहरण पर 5% प्रति वर्ष की दर से ब्याज लेना था तथा पूँजी पर 10% प्रति वर्ष की दर से ब्याज देय था ।
- साझेदारों का लाभ अनुपात 2 : 1 : 1 था ।

अपनी कार्यकारी टिप्पणी को स्पष्ट दर्शाते हुए एक आवश्यक परिशोधन प्रविष्टि कीजिए । **6**

On March 31st, 2014, the balances in the capital accounts of Eleen, Monu and Ahmad after making adjustments for profits and drawings were ₹ 1,60,000, ₹ 1,20,000 and ₹ 80,000 respectively. Subsequently, it was discovered that the interest on capital and drawings had been omitted.

- The profit for the year ended 31st March, 2014 was ₹ 40,000.
- During the year Eleen and Monu each withdrew a total sum of ₹ 24,000 in equal installments in the beginning of each month and Ahmad withdrew a total sum of ₹ 48,000 in equal installments at the end of each month.
- The interest on drawings was to be charged @ 5% p.a. and interest on capital was to be allowed @ 10% p.a.
- The profit sharing ratio among the partners was 2 : 1 : 1.

Showing your working notes clearly, pass the necessary rectifying entry.



4ono.com

4ono.com

16. रोलगा लिमिटेड की पंजीकृत पूँजी ₹ 50,00,000 है तथा यह ₹ 100 प्रत्येक के समता अंशों में विभाजित है । कम्पनी ने जनता को 42,000 अंशों के निर्गमन के लिए प्रस्ताव किया । राशि निम्न प्रकार से देय थी :

| | |
|---|---|
| आवेदन पर | – ₹ 30 प्रति अंश |
| आबंटन पर | – ₹ 40 प्रति अंश (प्रीमियम सहित) |
| प्रथम तथा अन्तिम याचना पर | – ₹ 50 प्रति अंश |

40,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए ।

निम्न को छोड़कर सभी राशियाँ प्राप्त हो गईं :

लाल ने, जिसके पास 100 अंश थे, आबंटन तथा याचना राशि का भुगतान नहीं किया ।

पाल ने, जिसके पास 200 अंश थे, याचना राशि का भुगतान नहीं किया ।

कम्पनी ने लाल तथा पाल के अंशों का हरण कर लिया । उसके पश्चात् हरण किये गये अंशों को ₹ 70 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन:निर्गमित कर दिया गया ।

उपरोक्त लेनदेनों के लिए कम्पनी की रोकड़ बही तथा रोजनामचे में आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिए । **8**

**अथवा**

ममता फेब ने ₹ 100 प्रत्येक के 50,000 अंशों का 10% के बट्टे पर निर्गमन किया, जो आवेदन पर ₹ 20 ; आबंटन पर ₹ 30 तथा प्रथम तथा अन्तिम याचना प्रत्येक पर ₹ 20 देय थे । 75,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 25,000 अंशों के आवेदनों को खेद-पत्र भेजकर उनकी आवेदन राशि वापिस कर दी गई ।

मोहन, एक अंशधारक ने, अपने 1,500 अंशों पर आबंटन राशि का भुगतान नहीं किया, इस राशि का भुगतान उसने प्रथम याचना के साथ किया ।

एक अंशधारक रमन ने, जिसके पास 500 अंश थे, दोनों याचनाओं का भुगतान आबंटन राशि के साथ कर दिया । एक अंशधारक कमल ने, जिसके पास 1,000 अंश थे, ने प्रथम याचना तथा दूसरी तथा अन्तिम याचना का भुगतान नहीं किया । उसके अंशों का हरण कर लिया गया । हरण किये गये अंशों को ₹ 120 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन:निर्गमित कर दिया गया ।

उपरोक्त लेनदेनों के लिए कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।



4ono.com

4ono.com

Rolga Ltd. is having an authorized capital of ₹ 50,00,000 divided into equity shares of ₹ 100 each. The company offered 42,000 shares to the public. The amount payable was as follows :

| | | |
|---|---|---|
| On Application | – | ₹ 30 per share |
| On Allotment | – | ₹ 40 per share (including premium) |
| On First and Final Call | – | ₹ 50 per share |

Applications were received for 40,000 shares.

All sums were duly received except the following :

Lal, a holder of 100 shares did not pay allotment and call money.

Pal, a holder of 200 shares did not pay call money.

The company forfeited the shares of Lal and Pal. Subsequently the forfeited shares were reissued for ₹ 70 per share as fully paid-up. Show the entries for the above transactions in the cash book and journal of the company.

**OR**

Mamta Fab Ltd. issued 50,000 shares of ₹ 100 each at a discount of 10% payable as ₹ 20 on application; ₹ 30 on allotment and ₹ 20 each on first and final call. Applications were received for 75,000 shares. Applicants of 25,000 shares were sent letters of regret and application money was refunded.

Mohan, a holder of 1,500 shares failed to pay allotment money which he paid along with the first call.

Raman, a shareholder holding 500 shares paid both the calls along with allotment. Kamal, a shareholder holding 1000 shares did not pay first call and second and final call. His shares were forfeited. The forfeited shares were re-issued at ₹ 120 per share as fully paid up.

Pass necessary Journal Entries for the above transaction in the books of the company.



4ono.com

4ono.com

17. 31 मार्च, 2014 को आभा तथा बिनय का स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था : **8**

| देयताएँ | | राशि (₹) | सम्पत्तियाँ | | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 13,000 | बैंक | | 15,000 |
| कर्मचारी भविष्य निधि | | 8,000 | देनदार | 22,000 | |
| कर्मचारी क्षतिपूर्ति निधि | | 15,000 | घटा : संदिग्ध ऋणों के लिए | | |
| | | | प्रावधान | 1,000 | 21,000 |
| पूँजी : | | | स्टॉक | | 10,000 |
| आभा | 55,000 | | संयंत्र एवं मशीनरी | | 60,000 |
| बिनय | 30,000 | 85,000 | ख्याति | | 10,000 |
| | | | लाभ-हानि खाता | | 5,000 |
| | | **1,21,000** | | | **1,21,000** |

फर्म के लाभों में ¼ भाग के लिए चित्रा को एक साझेदार बनाया गया । यह निर्णय लिया गया कि :

(क) ₹ 1,500 के डूबत ऋणों का अपलेखन किया जायेगा ।

(ख) ₹ 8,000 का स्टॉक आभा तथा बिनय ने पुस्तक मूल्य पर अपने लाभ अनुपात में ले लिया । शेष स्टॉक का मूल्यांकन ₹ 2,500 किया गया ।

(ग) संयंत्र एवं मशीनरी तथा ख्याति का मूल्यांकन क्रमश: ₹ 32,000 तथा ₹ 20,000 किया गया ।

(घ) चित्रा ख्याति का अपना भाग नकद लाई ।

(ङ) चित्रा अनुपातिक पूँजी लायेगी तथा आभा तथा बिनय की पूँजी को नगद लाकर अथवा नकद का भुगतान करके उनके लाभ अनुपात में समायोजित किया जायेगा ।

पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए ।

**अथवा**

ललित, मधुर तथा नीना साझेदार थे तथा क्रमश: 50%, 30% और 20% लाभ बाँटते थे । 31 मार्च, 2013 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

| देयताएँ | | राशि (₹) | सम्पत्तियाँ | | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 28,000 | रोकड़ | | 34,000 |
| भविष्य निधि | | 10,000 | देनदार | 47,000 | |
| निवेश उतार-चढ़ाव निधि | | 10,000 | घटा : डूबत तथा संदिग्ध | | |
| | | | ऋणों के लिए प्रावधान | 3,000 | 44,000 |
| पूँजी : | | | स्टॉक | | 15,000 |
| ललित | 50,000 | | निवेश | | 40,000 |
| मधुर | 40,000 | | ख्याति | | 20,000 |
| नीना | 25,000 | 1,15,000 | लाभ एवं हानि खाता | | 10,000 |
| | | **1,63,000** | | | **1,63,000** |



4ono.com

4ono.com

उपरोक्त तिथि को मधुर ने अवकाश ग्रहण किया तथा ललित एवं नीना ने निम्न शर्तों पर साझेदारी को चालू रखने का निर्णय लिया :

(क) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 51,000 पर किया जायेगा ।

(ख) कर्मचारी क्षतिपूर्ति का ₹ 6,000 का दावा था ।

(ग) निवेशों को ₹ 15,000 तक लाया गया ।

(घ) डूबत ऋणों के लिए प्रावधान को ₹ 1,000 से घटाया गया ।

(ङ) मधुर को नकद ₹ 10,300 का तुरन्त भुगतान कर दिया गया तथा शेष को उसके ऋण खाते में स्थानान्तरित कर दिया गया । जिसका भुगतान 12% प्रति वर्ष ब्याज के साथ दो बराबर किश्तों में करना था ।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा पूर्ण भुगतान होने तक मधुर का ऋण खाता तैयार कीजिए ।

Following is the Balance Sheet of Abha and Binay as at 31st March, 2014 :

| Liabilities | | Amount (₹) | Assets | | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 13,000 | Bank | | 15,000 |
| Employees Provident Fund | | 8,000 | Debtors | 22,000 | |
| Workmen's Compensation Fund | | 15,000 | Less : Provision for doubtful debts | 1,000 | 21,000 |
| Capitals : | | | Stock | | 10,000 |
| Abha | 55,000 | | Plant & Machinery | | 60,000 |
| Binay | 30,000 | 85,000 | Goodwill | | 10,000 |
| | | | Profit & Loss | | 5,000 |
| | | **1,21,000** | | | **1,21,000** |

Chitra was admitted as a partner for ¼ share in the profits of the firm. It was decided that :

(a) Bad Debts amounted to ₹ 1,500 will be written off.

(b) Stock worth ₹ 8,000 was taken over by Abha & Binay at Book value in their profit sharing ratio. The remaining stock was valued at ₹ 2,500.

(c) Plant & Machinery and goodwill were valued at ₹ 32,000 and ₹ 20,000 respectively.

(d) Chitra brought her share of goodwill in cash.

(e) Chitra will bring proportionate capital and the capital of Abha and Binay will be adjusted in their profit-sharing ratio by bringing in or paying off cash as the case may be.

Prepare Revaluation Account and Partner's Capital Accounts.

**OR**

Lalit, Madhur and Neena were partners sharing profits as 50%, 30% and 20% respectively. On March 31st , 2013 their Balance Sheet was as follows :

| **Liabilities** | | **Amount (₹)** | **Assets** | | **Amount (₹)** |
|---|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 28,000 | Cash | | 34,000 |
| Provident Fund | | 10,000 | Debtors | 47,000 | |
| Investment Fluctuation Fund | | 10,000 | Less : Provision for | | |
| | | | Bad & Doubtful Debts | 3,000 | 44,000 |
| Capitals : | | | Stock | | 15,000 |
| Lalit | 50,000 | | Investment | | 40,000 |
| Madhur | 40,000 | | Goodwill | | 20,000 |
| Neena | 25,000 | 1,15,000 | Profit & Loss A/C | | 10,000 |
| | | **1,63,000** | | | **1,63,000** |

On this date, Madhur retired and Lalit and Neena agreed to continue on the following terms :

(a) The goodwill of the firm was valued at ₹ 51,000.

(b) There was a claim for workmen's compensation to the extent of ₹ 6,000.

(c) Investment were brought down to ₹ 15,000.

(d) Provision for bad debts was reduced by ₹ 1,000.

(e) Madhur was paid ₹ 10,300 in cash and the balance was transferred to his loan account payable in two equal installments together with interest @ 12% p.a.

Prepare Revaluation A/C, Partner's capital Accounts and Madhur's loan A/C till the loan is finally paid off.



4ono.com

4ono.com

**भाग – ख**

**(विकल्प – I)**

**PART – B**

**(Option – I)**

**(वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)**

**(Analysis of Financial Statements)**

18. कावेरी लिमिटेड, एक वित्तीय कम्पनी ने, वर्ष के दौरान 12% प्रति वर्ष की दर से ₹ 5,00,000 के ऋण तथा अग्रिम लिए । रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करते समय निम्न में से इसे किस प्रकार की गतिविधि में सम्मिलित किया जायेगा : **1**

(क) निवेश गतिविधियाँ

(ख) वित्तीय गतिविधियाँ

(ग) दोनों निवेश तथा वित्तीय गतिविधियाँ

(घ) प्रचालन गतिविधियाँ

Kaveri Ltd. a financing company obtained loans and advances of ₹ 5,00,000 during the year @ 12% p.a. It will be included in which of the following activities while preparing the cash flow statement ?

(a) Investing Activities

(b) Financing Activities

(c) Both Investing and financing activities

(d) Operating activities

19. 'जी लिमिटेड' कागज उत्पादन का व्यवसाय करती है । चालू वर्ष में इसने ₹ 30,00,000 की मशीनरी का क्रय किया; इसने अपने कर्मचारियों को ₹ 60,000 के वेतन का भुगतान किया । इसे विस्तार के लिए वित्त की आवश्यकता थी, अत: इसने ₹ 20,00,000 के अंशों का निर्गमन किया । चालू वर्ष में इसने ₹ 9,00,000 का लाभ अर्जित किया ।

प्रचालन गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए । **1**

'G Ltd.' is carrying on a paper manufacturing business. In the current year, it purchased machinery for ₹ 30,00,000; it paid salaries of ₹ 60,000 to its employees; it required funds for expansion and therefore, issued shares of ₹ 20,00,000. It earned a profit of ₹ 9,00,000 for the current year.

Find out cash flows from operating activities.



4ono.com

4ono.com

20. (क) कम्पनी अधिनियम, 1956 की सूची VI, भाग I के अनुसार निम्न मदों को किन मुख्य शीर्षकों तथा उप-शीर्षकों के अन्तर्गत कंपनी के स्थिति विवरण में दर्शाया जायेगा ?

(i) बैंक अधिविकर्ष

(ii) चैक हस्ते

(iii) खुदरा औज़ार

(iv) दीर्घावधि प्रावधान

(ख) वित्तीय विवरण विश्लेषण की किन्हीं दो सीमाओं का उल्लेख कीजिए । **(2 + 2 = 4)**

(a) Under which major headings and sub-headings the following items will be shown in the Balance Sheet of a company as per Schedule VI, Part I of the Companies Act, 1956.

(i) Bank Overdraft

(ii) Cheques in Hand

(iii) Loose Tools

(iv) Long term provisions

(b) State any two limitations of Financial Statement Analysis.

21. निम्न सूचना के आधार पर निवेश पर प्रत्याय की गणना कीजिए : **4**

ब्याज तथा कर पश्चात् शुद्ध लाभ ₹ 6,00,000; 10% ऋणपत्र ₹ 10,00,000; कर @ 40%; विनियोजित पूँजी ₹ 80,00,000.

With the help of the following information, calculate Return on Investment. Net profit after interest and tax ₹ 6,00,000; 10% Debentures ₹ 10,00,000; Tax @ 40%; Capital Employed ₹ 80,00,000.

22. विनीत, ललित प्लास्टिक लिमिटेड का प्रबंध निदेशक था । पिछले छ: वर्षों से कम्पनी लगातार अच्छा लाभ अर्जित कर रही थी । विनीत ने नेतृत्व की लोकतांत्रिक शैली अपनायी हुई थी । उनके अच्छे सुझावों को मानकर वह अपने अधीनस्थों को सम्मान देने में विश्वास रखता था । कम्पनी ने इलाके में एक विद्यालय भी शुरू किया हुआ था तथा कम्पनी इलाके की सफाई में भी योगदान करती थी । 31 मार्च, 2014 को ललित प्लास्टिक लिमिटेड का तुलनात्मक लाभ-हानि विवरण निम्न प्रकार से था :

| **विवरण** | **नोट सं.** | **2012-13 (₹)** | **2013-14 (₹)** | **पूर्ण परिवर्तन (₹)** | **% परिवर्तन** |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रचालन से आय | | 12,00,000 | 16,00,000 | 4,00,000 | 33.33 |
| घटा : कर्मचारी लाभ व्यय | | 3,00,000 | 4,00,000 | 1,00,000 | 33.33 |
| कर पूर्व लाभ | | 9,00,000 | 12,00,000 | 3,00,000 | 33.33 |
| कर @ 40% | | 3,60,000 | 4,80,000 | 1,20,000 | 33.33 |
| कर पश्चात् लाभ | | 5,40,000 | 7,20,000 | 1,80,000 | 33.33 |

(क) 31 मार्च, 2013 तथा 2014 को समाप्त हुए वर्षों के लिए शुद्ध लाभ अनुपात की गणना कीजिए ।

(ख) उपरोक्त स्थिति में समाज को सम्प्रेषित किए जाने वाले किन्हीं दो मूल्यों की पहचान कीजिए । **4**



4ono.com

4ono.com

Vineet was the Managing Director of Lalit Plastics Ltd. For the last six years the company had been consistently earning good profits. Vineet followed democratic style of leadership. He believed in giving respect to his subordinates by agreeing to their good suggestions. The company also opened a school for girls in the locality and also contributed towards the cleanliness of the locality. Following is the comparative 'Statement of Profit & Loss' of Lalit Plastics Ltd. for the years ended 31st March, 2014 :

| Particulars | Note No. | 2012-13 (₹) | 2013-14 (₹) | Absolute change (₹) | Percentage change |
|---|---|---|---|---|---|
| Revenue from operations | | 12,00,000 | 16,00,000 | 4,00,000 | 33.33 |
| Less : Employee benefit expenses | | 3,00,000 | 4,00,000 | 1,00,000 | 33.33 |
| Profit before tax | | 9,00,000 | 12,00,000 | 3,00,000 | 33.33 |
| Tax @ 40% | | 3,60,000 | 4,80,000 | 1,20,000 | 33.33 |
| Profit after tax | | 5,40,000 | 7,20,000 | 1,80,000 | 33.33 |

(a) Calculate Net Profit ratio for the years ending 31st March, 2013 and 2014.

(b) Identify any two values which are being communicated to the society in the above case.

23. 31 मार्च, 2014 को श्रेष्ठा लिमिटेड का स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

| विवरण | नोट सं. | 31-3-2014 (₹) | 31-3-2013 (₹) |
|---|---|---|---|
| **समता तथा देयताएँ** | | | |
| (1) अंशधारक निधियाँ | | | |
| (अ) अंशपूँजी | | 20,00,000 | 15,00,000 |
| (ब) संचय एवं आधिक्य | 1 | 5,00,000 | 3,00,000 |
| (2) अचल देयताएँ | | | |
| दीर्घकालीन ऋण | | 3,00,000 | 2,00,000 |
| (3) चालू देयताएँ | | | |
| (अ) व्यापारिक देयताएँ | | 1,50,000 | 2,00,000 |
| (ब) लघुकालीन प्रावधान | 2 | 70,000 | 60,000 |
| **कुल** | | **30,20,000** | **22,60,000** |



4ono.com

4ono.com

| परिसम्पत्तियाँ | | | |
|---|---|---|---|
| (1) अचल सम्पत्तियाँ | | | |
| (a) स्थायी परिसम्पत्तियाँ | | | |
| (i) मूर्त परिसम्पत्तियाँ | 3 | 19,00,000 | 15,00,000 |
| (ii) अमूर्त परिसम्पत्तियाँ | 4 | 4,70,000 | 2,70,000 |
| (2) चालू परिसम्पत्तियाँ | | | |
| (अ) स्टॉक (मालसूची) | | 2,50,000 | 1,60,000 |
| (ब) व्यापारिक प्राप्तियाँ | | 2,10,000 | 2,10,000 |
| (स) रोकड़ तथा रोकड़ तुल्य | | 1,90,000 | 1,20,000 |
| **कुल** | | **30,20,000** | **22,60,000** |

खातों के नोट्स :

| क्रम संख्या | विवरण | 31-3-2014 (₹) | 31-3-2013 (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. | संचय एवं आधिक्य | | |
| | आधिक्य (लाभ-हानि विवरण का शेष) | 5,00,000 | 3,00,000 |
| 2. | लघुकालीन प्रावधान | | |
| | कर प्रावधान | 70,000 | 60,000 |
| 3. | मूर्त परिसम्पत्तियाँ | | |
| | मशीनरी एकत्रित मूल्यह्रास | 27,00,000 | 21,00,000 |
| 4. | अमूर्त परिसम्पत्तियाँ | (8,00,000) | (6,00,000) |
| | ख्याति | 4,70,000 | 2,70,000 |

निम्न समायोजनों को ध्यान में रखते हुए एक रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए :

वर्ष के दौरान एक मशीनरी, जिसकी लागत ₹ 30,000 थी तथा जिस पर एकत्रित मूल्यह्रास ₹ 6,000 था, को ₹ 20,000 में बेचा गया । **6**



4ono.com

4ono.com

Following was the Balance Sheet of Sreshtha Ltd. as on 31st March, 2014 :

| Particulars | Note No. | 31-3-2014 (₹) | 31-3-2013 (₹) |
|---|---|---|---|
| **Equity & Liabilities** | | | |
| (1) Shareholders Funds | | | |
| (a) Share Capital | | 20,00,000 | 15,00,000 |
| (b) Reserves and Surplus | 1 | 5,00,000 | 3,00,000 |
| (2) Non-current Liabilities | | | |
| Long term borrowings | | 3,00,000 | 2,00,000 |
| (3) Current Liabilities | | | |
| (a) Trade payables | | 1,50,000 | 2,00,000 |
| (b) Short term provisions | 2 | 70,000 | 60,000 |
| **Total** | | **30,20,000** | **22,60,000** |
| **Assets** | | | |
| (1) Non-Current Assets | | | |
| (a) Fixed Assets | | | |
| (i) Tangible assets | 3 | 19,00,000 | 15,00,000 |
| (ii) Intangible assets | 4 | 4,70,000 | 2,70,000 |
| (2) Current Assets | | | |
| (a) Inventories | | 2,50,000 | 1,60,000 |
| (b) Trade Receivables | | 2,10,000 | 2,10,000 |
| (c) Cash and Cash Equivalents | | 1,90,000 | 1,20,000 |
| **Total** | | **30,20,000** | **22,60,000** |

Notes to Accounts :

| S. No. | Particulars | As on 31-3-2014 (₹) | As on 31-3-2013 (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. | Reserves and Surplus | | |
| | Surplus (Balance in Statement of Profit and Loss) | 5,00,000 | 3,00,000 |
| 2. | Short term provisions | | |
| | Provision for tax | 70,000 | 60,000 |
| 3. | Tangible Assets | | |
| | Machinery | 27,00,000 | 21,00,000 |
| | Accumulated Depreciation | (8,00,000) | (6,00,000) |
| 4. | Intangible Assets | | |
| | Goodwill | 4,70,000 | 2,70,000 |

Prepare a Cash Flow Statement after taking into account the following adjustment :

During the year a piece of machinery costing ₹ 30,000 on which accumulated depreciation was ₹ 6,000, was sold for ₹ 20,000.



4ono.com

4ono.com

**भाग – ख**

**(विकल्प – II)**

**PART – B**

**(Option – II)**

**(अभिकलित्र लेखांकन)**

**(Computerised Accounting)**

18. 'खातों के समूहीकरण' से अभिप्राय आँकड़ों (डाटा) का निम्न प्रकार से वर्गीकरण है :

(क) परिसम्पत्तियाँ, देयताएँ तथा पूँजी

(ख) परिसम्पत्तियाँ, स्वामी-समता, आगम तथा व्यय

(ग) आगम तथा व्यय

(घ) परिसम्पत्तियाँ, पूँजी, देयताएँ, आगम तथा व्यय **1**

The 'Grouping of Accounts' means the classification of data from :

(a) Assets, Liabilities and Capital

(b) Assets, Owners' Equity, Revenue and Expense

(c) Revenue and Expenses

(d) Assets, Capital, Liabilities, Revenue and Expense

19. 'डाटा बेस डिज़ाइन' से तात्पर्य है

(क) सम्पूर्ण डाटाबेस के विभिन्न भागों की संरचना का विवरण

(ख) सॉफ्टवेयर का मूल डिज़ाइन

(ग) कुंजी पटल तथा सीपीयू का डिज़ाइन

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं **1**

'Database Design' refers to

(a) Description of the structure of different parts of the overall database.

(b) Basic design of the software

(c) Design of Keyboard and CPU

(d) None of the above

20. 'डैस्कटॉप डाटा बेस' तथा 'सर्वर डाटाबेस' में किन्हीं चार आधारों पर अन्तर्भेद कीजिए । **4**

Differentiate between 'Desktop Database' and 'Server Database' on any four basis.

21. 'टैली में वर्गीकृत' विभिन्न प्रकार के लेखांकन प्रमाणकों को समझाइए । **4**

Explain different types of Accounting Vouchers 'as categorized in Tally'.



4ono.com

4ono.com

22. ग्राफ/चार्ट के उपयोग के किन्हीं दो लाभों को समझाइए । **4**

Explain any two advantages of using Graphs/Charts.

23. निम्नलिखित फॉर्मेटिंग औज़ारों (टूल्स) को प्रत्येक के एक उदाहरण सहित समझाइए : **6**

(i) मुद्रा

(ii) प्रतिशत

(iii) तिथियाँ

Explain the following formatting tools with an example of each :

(i) Currency

(ii) Percentage

(iii) Dates

**For more sample papers visit**

**www.4ono.com**



4ono.com

www.4ono.com